Printed Pages – 4

JN-149

B.Sc. (Home Science) (Part-II)
Examination, 2021
(Foundation Course)
Paper - I
HINDI BHASHA

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

Q. 1. (क) विस्तारण से क्या तात्पर्य है ? विस्तारण की प्रक्रिया को सविस्तार समझाइए। **8**

अथवा

अनुवादक की उन प्रवृत्तियों का सोदाहरण उल्लेख कीजिए जो एक सार्थक अनुवाद के लिए उपयोगी सिद्ध हों।

(ख) ईदगाह कहानी के कहानीकार का जीवन परिचय देते हुए ईदगाह कहानी पर एक लेख लिखिए। **7**

अथवा

ईदगाह कहानी का केन्द्रीय पात्र 'हामिद' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

Q. 2. (क) मुहावरे और लोकोक्ति से आप क्या समझते हैं ? दोनों में सोदाहरण अंतर स्पष्ट कीजिए। **8**

अथवा

पर्यायवाची शब्द से क्या तात्पर्य है ? निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

रात, समुद्र, आकाश, कामदेव

(ख) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का संक्षिप्त परिचय देते हुए भारत वन्दना कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए। **7**

अथवा

भाषा में व्याप्त अशुद्धियों के विभिन्न कारणों एवं उनके प्रकारों को सोदाहरण समझाइए।

Q. 3. (क) देवनागरी लिपि के नामकरण को समझाइए तथा यह सिद्ध कीजिए कि देवनागरी लिपि विश्व की एक महानतम वैज्ञानिक लिपि है। **8**

अथवा

अधोलिखित अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए इसका सारांश लिखिए :

भारतीय संस्कृति का प्रश्न अन्य संस्कृतियों से कुछ भिन्न है, क्योंकि वह अतीत की वैभव कथा ही नहीं, वर्तमान की करुण गाथा है। उसकी विविधता प्रत्येक अध्ययनशील व्यक्ति को कुछ उलझन में डाल देती है। संस्कृति विकास के विविध रूपों की समन्वयात्मक समष्टि है और भारतीय संस्कृति विविध संस्कृतियों की समन्वयात्मक समष्टि है। इसके मूल तत्व को समझने के लिए हमें अत्यधिक उदार, निष्पक्ष और व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता रहती है। भारतीय संस्कृति एक कोने तक सीमित न रहकर बहुत विस्तृत भू-भाग तक फैली हुई है। भारतीय संस्कृति निश्चित पथ से कॉंट-छॉंट कर निकाली हुई नहर नहीं, वह तो अनेक स्रोतों को साथ लेकर अपना तट बनाती हुई पथ निश्चित करती हुई बहने वाली स्रोतस्विनी है।

(ख) हरिशंकर परसाई कृत 'भोलाराम का जीव' व्यंग्य-कथा की वर्तमान में प्रासंगिकता पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। **7**

अथवा

'भोलाराम के जीव' व्यंग्य-कथा में भोलाराम की आत्मा को पृथ्वी से लाने हेतु नारदमुनि द्वारा किये गये प्रयासों को लिखिए।

Q. 4. (क) कम्प्यूटर में हिन्दी के अनुप्रयोग पर प्रकाश डालिए। **8**

अथवा

टिप्पणी लिखिए (कोई दो) :

(अ) इंटरनेट

(ब) ई-मेल

(स) इनपुट और आउटपुट उपकरण

(ख) भारत में शिक्षा प्रसार के लिए स्वामी विवेकानन्द क्या उपाय सुझाते हैं ? **7**

अथवा

स्वामी विवेकानन्द का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

Q. 5. (क) मानकीकरण की परिभाषा बताते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **8**

अथवा

अमानक, उपमानक भाषा से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

(ख) भारतीय समाज में प्राचीन काल का स्वरूप क्या था ? **7**

अथवा

सामाजिक गतिशीलता के सन्दर्भ में आधुनिक काल के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।